सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 143 | इंदौर, शुक्रवार 01 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. PM Modi: 'जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में ग्लोबल साउथ के हितों से समझौता नहीं होना चाहिए', दुबई में बोले PM मोदी
2. कोहरे का असर: बारिश और खराब मौसम के कारण 12 उड़ानें निरस्त, कई ट्रेनें 18 घंटे तक लेट; एयरपोर्ट पर हंगामा

## ◆ मतगणना के पहले उड़ी नेताओं की नींद ...

# चल रहा हार-जीत का गुणा-भाग

## मान मन्नतों का दौर भी जारी, समर्थकों को ज्यादा चिंता

@ DGR विशेष

**इंदौर। मतगणना के लिए उलटी गिनती शुरू होने के साथ ही अब चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों और राजनीति पार्टियों के नेताओं की नींद उड़ रही है। इनकी नींद उड़ने का कारण जहां अपनी-अपनी हार-जीत की टेंशन है, वहीं टीवी चैनलों और समाचार पत्रों के एक्जिट पोल की रिपोर्ट भी है। इन एक्जिट पोल में कहीं भाजपा तो कहीं पर कांग्रेस को आगे बताया जा रहा है, हालांकि यह स्पष्ट तो 3 दिसंबर के दिन मतगणना के बाद ही हो पाएगा, लेकिन अभी तो इन पोल को देखकर उम्मीदवार और पार्टियों के नेता अपनी जीत-हार के गुणा भाग लगाने में जुट गए हैं। वहीं मतगणना के कुछ घंटों पहले तो मंदिरों और देवस्थानों सहित तमाम धार्मिक स्थलों पर मान-मन्नतों का दौर भी चल रहा है। वहीं नेताओं के समर्थकों को ज्यादा चिंता सता रही है, क्योंकि उनके नेता की जीत पर ही उनका पांच साल का भविष्य टिका हुआ है।**

विधानसभा चुनाव में जनादेश किसे दिया है, काउन डाउन शुरू हो चुका है, घंटों बाद नया जनप्रतिनिधि का ताज किसके सिर पर सामने होगा इसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। इधर चौक - चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर प्रमुख दलों के साथ ही नेताओं सहित अन्य ने भले ही खामोशी अखित्यार कर ली है, लेकिन लोगों के बीच इंदौर के सभी विधानसभा क्षेत्र के साथ ही प्रदेश यहां तक राजस्थान, छग, तेलांगना, मिजोरम को लेकर पक्ष - विपक्ष जारी है। अब अनेक राष्ट्रीय व प्रादेशिक चैनल अपने अपने एग्जिट पोल और समीकरण के साथ ही विशलेषकों की बात सामने रख रहे हैं। इधर भावी विधायकों के साथ ही समर्थकों का देव दर्शन के बाद अपने अपने स्तर पर एक बार फिर जीत - हार का गुणा भाग व मान मन्नत का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश की कुछ सीटों और इंदौर की दो सीटों क्रमशः देपालपुर व महू में मामला त्रिकोणिय होने के कारण प्रमुख दल का आंकलन और अंदरूनी पड़ताल आदि को लेकर बहुत कुछ कहा जा रहा है। हालांकि अधिकांश प्रत्याशी अपनी खास मंडल के बीच ही जीत के गुणा - भाग से अपने आप को संतुष्ठ कर रहे हैं, इसी बीच चर्चाओं का दौर भी जारी है कि आखिर जनादेश किसे मिलेगा और किसे नहीं, यह तो रविवार को भी साफ हो सकेगा।



## पुराने - सक्रिय

एक समय विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब, सट्टा, जुआं, नशा आदि को लेकर खासी हलचल रही है, खासकर दशक भर में ऐसे तत्वों पर ना सिर्फ नकेल कसी गई, बल्कि वे अघोषित तौर पर क्षेत्र बदर, इधर अनेक बाहर का बोल जिम्मेदारों को अंधेरे में रख अब यही जादूगरी कर रहे हैं तो अनेक पुराने फिर सक्रिय हो गए है। सूत्रों के अनुसार पुराने अवैध शराब कारोबारी फिर सिर उठाने लगे है, तो गांजा - भांग के साथ ही अवांछित नशा कारोबार स जुड़े नए पुराने चेहरों पर अब सख्त निगाहबानी की दरकार है। वहीं पुराने आंकड़ेबाज व हर बाल पर खेल के लिए जाने जाने वाले उमेश बावड़ी, संजय बंशी, गोलू गोपी, सुभाष रंगवाला आदि भी शायद जिम्मेदारों की आंखों में धूल झोंक अपनी कारस्तानी कर रहे है। वहीं मदन -राधेश्याम सेठ का परिवार अब अरबों का दंभ भर अपने गुर्गो के माध्यम से हवाला आदि कनेक्शन शायद प्रवर्तन निदेशालय, आयकर सहित अन्य एंजेसियों के लिए जांच पड़ताल का विषय है। जबकि इस अवैध कारोबार की दुनिया का बेताज सतीश व अंकित रंगवाला, मनीष लंगड़ा, पवन गुरुदेव, जयंती मामा आदि को लेकर हैरान कर देने वाली चर्चाएं हैं। जानकारों का मानना है सभी को अंधेरे में रख पुराने कई अवैध कारोबार परदे के पीछे से सक्रिय हो गए है, और भी बहुत कुछ संवेदनशीलता के साथ विराम।

### विजयवर्गीय-पटवारी-सिलावट की सीटों पर 23-23 राउंड होंगे

विधानसभा चुनाव के काउंटिंग डे (3 दिसंबर) पर इंदौर की नौ सीटों को रिजल्ट जल्दी से जल्दी घोषित करने की तैयारी है। अमूमन 14-14 काउंटिंग टेबलों पर गिनती होते आई लेकिन इस बार प्रशासन ने प्लान बदला है। जिन सीटों पर मतदान केंद्र ज्यादा होने से रिजल्ट लेट होने की संभावना है, वहां टेबलें बढ़ाई जा रही हैं। सबसे ज्यादा 21 काउंटिंग टेबलें इंदौर-2 में लगाई जाएंगी। उसके बाद सबसे ज्यादा वोटर वाली इंदौर-5 सीट पर 20 टेबलों पर गिनती होगी। बावजूद, रिजल्ट सबसे पहले इंदौर-3 का आएगा क्योंकि यहां वोटर्स की संख्या सबसे कम है।

### 5 नंबर विधानसभा में 20 टेबल पर मतगणना

इंदौर के चुनाव अधिकारी और कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी. ने बताया डाक मतपत्रों और इवीएम में बंद वोटों की गिनती के काम में तेजी लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। टेबलों की संख्या 14 से बढ़ाने के लिए भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया इंदौर-5 में इस बार 20 टेबल लगाकर मतगणना की जाएगी। इससे गिनती जल्दी ही पूरी हो जाएगी। सूत्रों का कहना है कि इंदौर-5 के अलावा अन्य कुछ विधानसभाओं में भी चुनाव आयोग टेबल बढ़ा सकता है। इस पर विचार किया जा रहा है। इंदौर की हाइप्रोफाइल सीटों में शामिल इंदौर-1, राऊ और सांवेर में सबसे ज्यादा 23-23 राउंड होंगे। यानी इनका रिजल्ट सबसे आखिरी में आएगा। इधर, हमेशा की तरह सबसे पहले रिजल्ट इंदौर-3 का आ जाएगा, जिसके सिर्फ 14 राउंड होने हैं।

### 900 अधिकारी और कर्मचारी करेंगे मतगणना, मतगणना की होगी रिकॉर्डिंग

कलेक्टर के निर्देश पर मतगणना दलों में नियुक्त सभी अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतगणना सुपर वाइजर, मतगणना सहायक और माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षित किया गया था। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक मतगणना में 900 अधिकारी- कर्मचारियों की ड्यूटी लगेगी। 700 से ज्यादा कर्मचारी मतगणना में शामिल होंगे, वहीं 200 कर्मचारी रिजर्व में रहेंगे। वहीं डाक मतपत्र में भी ईवीएम की तरह ही सर्टिफिकेट जारी होंगे। इसके लिए सभी दलों को प्रमाणित फोटो कॉपी भी दी जाएगी। पूरी मतगणना की रिकॉर्डिंग भी होगी।

मैन्युअल रजिस्टर में हुई गड़बड़ी के बाद निगमायुक्त ने लिया फैसला

# निगम में आंखों और बायोमेट्रिक मशीन से हाजिरी

### दिसंबर के महीने से बदलेगी व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम में अब फिर से कर्मचारियों की आखों और बायोमेट्रिक मशीन यानी थंब लगाने से हाजिरी दर्ज की जाएगी। निगमायुक्त ने यह फैसला मैन्युअल रजिस्टर में हाजिरी को लेकर हुई गड़बड़ी के बाद लिया है। पिछले दिनों निगम में बिना काम किए वेतन लेने और सेवानिवृत्त निश्मकर्मियों का वेतन निकलने का मामला सामने आया है। इसके चलते निगम मुख्यालय के विभागों से लेकर जोनल ऑफिसों पर हाजरी की व्यवस्था दिसंबर से बदल जाएगी।**

निगम मुख्यालय के विभागों और जोनल ऑफिसों में काम पर आए बगैर और फर्जी हाजिरी लगाकर वेतन लेने वाले कर्मचारियों पर सख्ती करना निगमायुक्त सर्षिका सिंह ने शुरू कर दी है। इस क्रम में निगम मुख्यालय में लगने वाले विभागों से लेकर जोनल ऑफिस पर तैनात कर्मचारियों से सैलरी अकाउंट का 6 महीने का स्टेटमेंट मांगा जा रहा है। इसके साथ ही निगम को आर्थिक नुकसान पहुंचाने वालों की खोजबीन भी की जा रही है। इसके चलते निगमायुक्त सिंह ने लागू करने का फैसला लिया है। यह वाले समस्त विभागों और 19 जोनल ऑफिसों पर लागू होगी।

### मैन्युअल हाजिरी रजिस्टर मेंटेन नहीं किया जाएगा

उन्होंने दिसंबर महीने से इस व्यवस्था को लागू करने के लिए अफसरों से कहा है। मालूम हो कि विषम में पहले भी दूसरी लहर के बाद से ही निगम मुख्यालय और जोन पर ई-अटेंडेंस व्यवस्था भंग हो गई थी, क्योंकि बायोमेट्रिक मशीनों से एक ही मशीन पर कर्मचारियों को अंगूठा या अंगुली का निशान लगाकर अटेंडेंस लगानी होती थी। संक्रमण के खतरे के चलते यह व्यवस्था बंद कर दी गई थी। मैन्युअल रजिस्टर में हाजरी को लेकर तुई गडचड़ों के बाद अब फिर से पुरानी व्यवस्था को लागू किया जा रहा हैं। निगम के किसी भी विभाग में मैन्युअल हाजिरी रजिस्टर मेंटेन नहीं किया जाएगा।

## मतगणना के एक दिन पहले इंदौर के नेहरू स्टेडियम के स्टांग रूम में पहुंचाए जाएंगे डाक मतपत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले की सभी नौ विधानसभाओं के मतों की गणना 3 दिसंबर को नेहरू स्टेडियम में की होगी। सुबह 8 बजे से सबसे पहले डाक मतपत्रों की गणना की जाएगी। कलेक्टर कार्यालय की ट्रेजरी में रखे गए मतपत्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना के एक दिन पहले 2 दिसंबर को नेहरू स्टेडियम स्थित स्ट्रांग रूम में पहुंचाया जाएगा। कलेक्टर कार्यालय से लेकर स्टेडियम तक राजनीतिक प्रत्याशियों के प्रतिनिधि फालोअप वाहन लेकर चल सकेंगे।**

मतगणना की तारीख नजदीक आने के साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय ने तैयारी को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम में बंद 20 लाख 32 हजार 266 मतों की गणना के लिए नौ कक्षों में 145 टेबलें लगाई जा रही हैं। वहीं साढ़े पंद्रह हजार से अधिक डाक मतपत्रों की गणना के लिए 37 टेबलें लगाई जाएंगी। इन मतपत्रों की गणना 180 कर्मचारियों के जिम्मे रहेगी।

### विशेष वाहन से भेजे जाएंगे डाक मतपत्र

जिला प्रशासन द्वारा ट्रेजरी में तालों में रखे गए डाक मतपत्रों को नेहरू स्टेडियम में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया 2 नवंबर को शाम साढ़े चार बजे की जाएगी। कलेक्टर इलैया राजा टी का कहना है कि प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विशेष वाहन से डाक मतपत्रों को नेहरू स्टेडियम के स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित किया जाएगा।

## 125 से भी अधिक बार रक्तदान करने पर डॉ अभिजीत तायड़े का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 125 से भी अधिक बार रक्तदान करने एवं जनता को रक्तदान के लिए जागरूक करने एवं समाजहित में महान कार्य करने पर डोनेट ब्लड, सेव लाइफ के संस्थापक एवं इंडेक्स एवं अमलतास मेडिकल कॉलेज में एच आर हेड डॉ. अभिजीत तायड़े का इंदौर में एक गरिमामय कार्यक्रम में केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले द्वारा सम्मान किया गया !, इस अवसर रामदास अठावले ने कहा की आप ऐसे ही मानव सेवा के लिए ऐसे ही रक्तदान करते रहे एवं आप लोगो को रक्तदान के लिए ऐसे ही प्रेरित करते रहिये। इस अवसर पर उन्होंने डॉ अभिजीत तायड़े को रक्तवीरह्व नाम की उपाधि भी दी.इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नानेश तायड़े, प्रदेश महासचिव रवि सिंह करोसिया एवं शहर के कई गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

# खजराना गणेश को चांदी से निर्मित डेढ़ दांत भेंट

गणेश परिवार को निहारने उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रंग-बिरंगी चुनरियों व फूलों से सजा मंदिर... गुलाब, मोगरा सहित विभिन्न प्रकार के इत्रों की खुशबू से महकता परिसर और भगवान गणेश का जयकारा लगाते भक्त। यह माहौल था गुरुवार को खजराना गणेश मंदिर परिसर का। जहां खजराना गणेश में विराजित शुभ-लाभ प्रतिमा का 17 वां स्थापना दिवस समारोह भक्तों और मंदिर पदाधिकारियों ने मनाया। इसी के साथ खजराना गणेश को चांदी से निर्मित डेढ़ दांत भी भेंट किए गए।**

शुभ-लाभ गणेश्वरी संस्था अध्यक्ष आशुतोष शर्मा एवं महेश शर्मा ने बताया कि खजराना गणेश मंदिर में सुबह के सत्र में भगवान गणेश का जड़ी-बूटी, दुग्ध, घी, फल, जल और इत्र से अभिषेक किया गया। शाम 6 बजे मुख्य पुजारी मोहन भट्ट एवं अशोक भट्ट के सान्निध्य में लंबोदर परिवार की महाआरती की गई एवं गणेश जी को लड्डूओं का भोग लगाकर छप्पन भोग भी लगाए गए। इसके पश्चात खजराना गणेश को चांदी से निर्मित डेढ़ दांत हजारों भक्तों की मौजूदगी में भेंट किए गए। खजराना गणेश में आयोजित हुए इस अनूठे महोत्सव में मंदिर परिसर एवं अन्न क्षेत्र को रंग-बिरंगी चुनरियों व फूलों से श्रृंगारित किया गया था। जो यहां आने वाले भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक पृष्ठ भूमि से जुड़े कई गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की थी।

### भक्तों को दिया थाली में जूठन नहीं छोड़ने का संदेश

खजराना गणेश परिवार की महाआरती के पश्चात खजराना के अन्न क्षेत्र में महाप्रसादी का आयोजन भी हुआ। जिसमें सभी वरिष्ठजनों के साथ ही भगवान गणेश के भक्तों को थाली में जूठन नहीं छोड़ने का संदेश भी इस दौरान दिया गया।

### ट्रैफिक में इन्दौर को नबंर वन बनाने की अपील की

शुभ-लाभ के 17 वें स्थापना दिवस समारोह में आयोजकों द्वारा आने वाले सभी मेहमानों से इन्दौर शहर को ट्रैफिक में नंबर वन बनाने की शपथ इस दौरान दिलाई गई। आशुतोष शर्मा व महेश शर्मा ने बताया कि जिस तरह इन्दौर शहर स्वच्छता में नंबर वन है उसी प्रकार हमें ट्रैफिक में भी नबर वन आना हैं और यह सब तब ही संभव हैं जब हम और आप मिलकर यातायात नियमों का पालन करें।

कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# कांग्रेस सरकार आई तो फ्री में कराएंगे चाय - नाश्ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के 17 नवम्बर को हुए मतदान के बाद 3 दिसंबर को मतगणना के बाद घोषित परिणामों से पता चलेगा कि मध्यप्रदेश की बागडोर कौनसी पार्टी संभालेंगी कांग्रेस या भाजपा। परन्तु यदि 3 दिसंबर घोषित इन परिणामों में कांग्रेस की सरकार मध्यप्रदेश में बनती है तो इन्दौर की एक दुकान पर 4 दिसम्बर को सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक सबको चाय फ्री पिलाई जाएगी। और बाकायदा इसकी घोषणा चाय दुकान संचालक ने अपनी दुकान पर बैनर लगाकर की है।**

दवा बाजार स्थित जैन टी स्टॉल के मालिक दिलीप जैन ने अपनी दुकान एक बैनर लगा रखा है। जिस पर लिखा है अगर 3 तारीख को मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो 4 दिसंबर को सुबह 7:00 से दोपहर के 3:00 तक फ्री में चाय और पानी की व्यवस्था रहेगी।

तकरीबन दस हजार रुपए की चाय कांग्रेस की सरकार बनने पर फ्री में पिलाने वाले दिलीप जैन ने चर्चा में कहा कि मै कोई कांग्रेस का कार्यकर्ता नहीं हूं बल्कि आम जनता जैसे ही मैं भी बीजेपी कार्यकाल में बढ़ती महंगाई से त्रस्त हूं



इसलिए मैंने कांग्रेस की सरकार बनने की कामना के साथ इस तरह अपनी भावना प्रदर्शित की है। दिलीप जैन का स्पष्ट कहना है कि, मेरी दिली इच्छा है कि सूबे में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बने। अगर ऐसा होता है, तो मैं 4 दिसंबर को सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक सबको मुफ्त चाय पिलाऊंगा।

उनका मानना है कि महंगाई से जूझता मध्यमवर्गीय तबका भाजपा सरकार की नीतियों से ऊब चुका है। फ्री चाय पिलाने की तैयारियों के बारे में जैन ने कहा कि उन्होंने चाय की पत्ती खरीद ली है, चीनी घर पर उपलब्ध है और दूध का ऑर्डर भी दे दिया गया है।

इसके पहले दिलीप जैन ने 2018 के विधानसभा चुनावों में भी घोषणा की थी कि यदि इन्दौर में कांग्रेस की नौ सीटों में से पांच सीटें आती है, तो वह लोगों को मुफ्त चाय पिलाऐगें परन्तु तब कांग्रेस इन्दौर की नौ सीटों में से चार सीटों पर जीत दर्ज कर सकी थी, इसलिए उन्होंने लोगों को मुफ्त चाय पिलाने की घोषणा पर अमल नहीं किया था। अबकी बार फिर तैयार है इन्दौर के दिलीप जैन फ्री चाय पिलाने को देखते हैं इन्दौर वासियों को 4 दिसम्बर को दिलीप जैन की फ्री चाय पीने को मिलती है के नहीं।

मतगणना के लिये नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

# नेहरू स्टेडियम में 3 दिसंबर को होगी मतों की गणना

◆ होलकर साइंस कॉलेज में दो सत्रों में दिया गया प्रशिक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में विधानसभा निर्वाचन के तहत 3 दिसंबर को होने वाली मतों की गणना कार्य के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी है। इंदौर के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतों की गणना के लिये आज द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, प्रशिक्षण के प्रभारी अधिकारी श्री सुदीप मीणा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।**



यह प्रशिक्षण कार्यक्रम होलकर साइंस कॉलेज में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। इन अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना के लिये मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक तथा माइक्रो आब्जर्वर और पोस्टल बैलेट की गिनती का दायित्व सौंपा जा रहा है। पहले सत्र में ईवीएम के माध्यम से मतगणना के तौर-तरीके बताये गये। साथ ही दूसरे सत्र में पोस्टल बैलेट की गिनती का कार्य सिखाया गया। आज प्रशिक्षण का दूसरा चरण था, इसके बाद 2 दिसम्बर को ड्राय रन किया जायेगा। मतगणना हेतु लगाये गये अधिकारी-कर्मचारियों को व्यावहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें मतगणना के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश, प्रक्रिया, नियम और अधिनियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कहा गया कि दिये गये अनुदेशों का पालन करें। मतगणना में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। मतगणना में नियुक्त सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय के एक घंटे पूर्व मतगणना स्थल पर अनिवार्य रूप से पहुंच जाएं। अपने साथ आवश्यक आदेश, पहचान पत्र के अतिरिक्त कोई अन्य वस्तु लेकर नहीं आएं। मतगणना कर्मियों को रेण्डमाइजेशन के पश्चात टेबल आवंटित की जाएगी। मतगणना भवन में धूम्रपान एवं तंबाकू युक्त पदार्थ ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा।

## नेत्रहीनों के लिए टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट 8 से

इंदौर। भारत में नेत्रहीनों के लिए क्रिकेट टूर्नामेंटों को संचालित करने वाली संस्था क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (कैबी), समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के साथ मिलकर अमित आचार्य श्रीधी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहे हैं। 8 दिसंबर 2023 से 11 दिसंबर 2023 तक इंदौर के इंडेक्स मेडिकल कॉलेज ग्राउंड में चलने वाले इस चार दिवसीय टूर्नामेंट के प्रदर्शन के आधार पर क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया अगली ब्लाइंड भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए खिलाड़ियों का चुनाव करेगी। टूर्नामेंट के आयोजक रितमित प्रोडक्शन के डायरेक्टर अमित आचार्य ने बताया, यह हम सब के लिए हर्ष का विषय है कि हम ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य जोनल पुरुष टीमों को मंच प्रदान करना और देश में दिव्यांग जनों को खेल के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

## खाई में अज्ञात युवक का खून लथपथ शव मिला

इंदौर। पवित्र तीर्थ जानापाव पहाड़ी स्थित खाई में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई, मौके पर पहुंची मानपुर पुलिस ने मौका मुआयना कर लाश को पोस्ट मार्टम के लिए सिविल हॉस्पिटल भेजा। पुलिस के मुताबिक युवक हादसा या घटना एक दो दिन पुरानी लग रही हैं, मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं, लाश के पास ही साइकिल भी मिली हैं, वह शायद ट्रेकिंग के लिए आया होगा इस दौरान गहरी खाई मे गिर गया होगा. यह बड़े बड़े पत्थर हैं इस कारण चोटे लगने ओर अत्याधिक खून बहने से उसकी मौत हो गई होगी, हालांकि पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही हैं।

## स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट संस्थान राऊ में केक मिक्सिंग सेरेमनी-2023 का हुआ आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट संस्थान, राऊ में केक मिक्सिंग सेरेमनी-2023 का आयोजन हुआ। केक मिक्सिंग सेरेमनी-2023 में संस्थान के बी.एस.सी. प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं डिप्लोमा- फ़ूड प्रोडक्शन, बेकरी, फ्रंट ऑफिस एवं एफ.एण्ड बी. सर्विस के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय निदेशक संट्रल TGI श्री मनिशेखर सहाय, डी.पी.एस.राऊ श्री अंकित वोरा एवं संस्थान के प्राचार्य डॉ. विजय कुमार सिंह विशेष रूप से मौजूद थे।**

प्राचार्य स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट डॉ. विजय कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि केक मिक्सिंग समारोह छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है, यह उन्हें विभिन्न धर्मों एवं संस्कृति से परिचित होने का मंच प्रदान करता है ताकि वे सभी समुदायों एवं संस्कृति का आदर एवं सम्मान करें। बताया गया कि यह उत्सव क्रिसमस सेलिब्रेशन का एक अभिन्न अंग है,जिसमें फ्रूट केक और प्लम केक दो सबसे लोकप्रिय केक हैं। यह 17वीं शताब्दी का पारंपरिक उत्सव है। यह उत्सव फसल के आगमन को चिह्नित करने के लिए यूरोप में शुरू हुआ था। इस परंपरा में




सूखे मेवे, मसाले, मादक पदार्थ और फलों का रस एक साथ मिलाया जाता है। फिर मिश्रण को भिगोया जाता है और फरमेंट करने के लिए रख दिया जाता है। क्रिसमस के समीप इस मिश्रण में मैदा मिक्स कर केक बैटर तैयार किया जाता है एवं इससे केक बेक कर सभी को वितरित किया जाता है।

## जानापाव की खाई में मिला युवक का शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। समीपस्थ महू के मानपुर थाना क्षेत्र में आने वाले तीर्थ स्थल जानापाव की खाई में एक युवक का शव मिला है। जानकारी लगते ही मानपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर शासकीय अस्पताल भेजा गया है। मानपुर थाना प्रभारी अरुण सोलंकी ने बताया कि शव एक दिन पुराना लग रहा है। प्रथम दृष्ट्या लग रहा है कि पहाड़ी से उतरते समय बैलेंस नहीं बना होगा, जिसके कारण साइकिल सवार युवक खाई में जा गिरा। पत्थर पर युवक का सर टकराने के दौरान उसकी मौत हुई होगी। क्योंकि जहां पर युवक का शव पड़ा है उसके पास में ही एक बड़ा पत्थर भी है। फिलहाल युवक यहां पर ट्रैकिंग के लिए आया होगा युवक अभी अज्ञात है। पता लगाया जा रहा है कि युवक कहां का रहने वाला है? यहां कैसे पहुंचा? पूरे मामले की मानपुर पुलिस जांच कर रही है।

## मोबाइल लूट के आरोपित गिरफ्तार

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने राहगीर से मोबाइल लूटा था। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपित संदीप वर्मा और करण निंबाले हैं। पुलिस ने लूटा गया फोन भी जब्त कर लिया है। अन्य घटनाओं में भी पूछताछ कर रहे है।

## शेड में तोडफोड़

**इंदौर।** भंवरकुंआ इलाके में आपसी विवाद में आरोपी ने फरियादी के घर के सामने शेड में तोडफोड़ कर दी। पुलिस ने फरियादी अंशु पटेल निवासी संत नगर की रिपोर्ट पर आरोपी पप्पू राजपाल निवासी खातीवाला टैंक और जसपाल निवासी लिंबोदी पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने घर के सामने बने शेड के निर्माण में लगे गेट, चैनल गेट को तोडफोड़ कर नुकसान किया उसे रोका तो गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी।

## दिव्यांगों का सामूहिक विवाह... आया नया सवेरा



इंदौर। संस्था स्व. चंदाबाई मां गायत्री लक्ष्मीनारायण मानव सेवा संस्था ने इंदौर में माणिकबाग ब्रिज के समीप 31 कन्याओं का विवाह करवाया। इनमें अधिकांश कन्याएं ऐसी रहीं जो दिव्यांग, निर्धन, बेसहारा हैं या जिनके माता-पिता नहीं हैं। इनमें इंदौर, उज्जैन, धार, नर्मदापुरम, भोपाल, देवास, खरगोन, टीकमगढ़ सहित महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की कन्याएं भी शामिल रहीं। आयोजक किशन सिंह चौहान ने बताया- इस समारोह में दिल को छू लेने वाली बात यह रही कि इंदौर के समाजसेवियों ने इनमें से एक-एक जोड़े को गोद लिया और सबको शानदार उपहार भेंट किए। चित्र में दिख रहे इस दिव्यांग जोड़े में वधु हैं धार निवासी रेशमा परमार, जिनका सहारा अब तक व्हील चेयर रही, किंतु अब चेयर के साथ-साथ पति धर्मदास पाल भी सहारा होंगे। टीकमगढ़ निवासी धर्मदास के दोनों हाथ नहीं हैं, किंतु इनका प्रेम इतना प्रगाढ़ है कि इन्होंने पांवों से वरमाला पहनाई। ये पांव से ही कंप्यूटर चलाते हैं और डाटा एंट्री आपरेटर की नौकरी कर स्वाभिमानी जीवन जी रहे हैं।

## बंगाल में घुसपैठ चरम सीमा पर, इसलिए सीएए का विरोध-अमित शाह

**कोलकाता। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कल पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में प्रतिवाद सभा को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि, बंगाल की जनता कह रही है कि अब ममता दीदी का समय खत्म हो चुका है और 2026 के चुनावों में पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। बंगाल में घुसपैठ अपनी चरम सीमा पर है, इसलिए ममता दीदी सीएए का विरोध कर रही है।**



श्री शाह ने कहा कि सोनार बांग्ला तथा माँ, माटी और मानुष के नारे के साथ ममता बनर्जी ने कम्युनिस्टों को हटाकर सत्ता हासिल की, लेकिन बंगाल में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। घुसपैठ को रोकने, सीएए को लाने, बंगाल के गरीबों का विकास करने और बंगाल की अस्मिता वापस लाने के लिए बंगाल की जनता ने मन बना लिया है कि, भ्रष्टाचारी ममता बनर्जी की सरकार को उखाड़ फेंकेगी। बंगाल में 2026 में भाजपा की सरकार बनाने के लिए इसकी नींव 2024 के लोकसभा चुनाव में डाल कर एक बार फिर से मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का भी जनता ने मन बना लिया है। भाजपा के संकट मोचक शाह के करिश्माई मार्गदर्शन में भाजपा के प्रदर्शन को देखकर यह तय है कि 2026 में बंगाल में कमल का फूल खिलने जा रहा है और 2024 में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

# उमा बोलीं-माफिया के सामने सत्ता मजबूर, इनको नहीं छोड़ूंगी

## ◆भोपाल में कहा-सरकार के मुखिया के जिले में भी अवैध खनन, रोक नहीं सके

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भाजपा नेता और मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी की सरकार को घेरा है। उमा ने कहा, ह्यकमाल तो यह है कि हमारी सरकार के मुखिया के जिले में भी उनकी छाती के ऊपर अवैध खनन हो रहा है। वह उसको रोक नहीं सके। क्या सत्ता इतनी असहाय है इन तीन माफियाओं के सामने..पावर माफिया, खनन माफिया, शराब माफिया.. इनके सामने सत्ता मजबूर हो गई है क्या? मैं इनको नहीं छोड़ूंगी।**





उमा ने यह बात गुरुवार को भोपाल में सरकारी आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। वे शहडोल में रेत माफिया द्वारा पटवारी प्रसन्न सिंह बघेल की हत्या के मामले पर बोल रही थीं। उन्होंने कहा, ह्यमुझे स्लिप डिस्क की समस्या है। राहत मिलने के बाद ब्योहारी से ही अवैध खनन विरोधी अभियान की शुरूआत करूंगी।ह्ण पूर्व सीएम ने कहा, ह्यशहडोल में पटवारी प्रसन्न सिंह की जो हत्या हुई..अवैध खनन मुझे हमेशा से चुभता रहा है। मैंने कई बार आपत्ति की और आवाज उठाई इसलिए जो बातें मैंने पहले कही थीं.. उन बातों के होते हुए मुझे कोई जिम्मेदारी देने के बारे में पार्टी सोचे लेकिन मैं अवैध खनन की खिलाफत करना नहीं छोड़ूंगी। अब खनन की खिलाफत सबसे आगे हो जाएगी।

### बजट बचाने की कंजूसी से हम गायों की हत्या कर रहे

उमा ने आगे कहा- इन सब बातों के होते हुए मुझे पार्टी चुनाव लड़ाने की इच्छा रखती है। हालांकि, जिम्मेदारी तो मुझे परमात्मा ने नैसर्गिक दी है कि मैं खनन के खिलाफ खड़ी हो जाऊं और शराब नीति को ठीक से लागू करने के लिए कोशिश करूं। गौ रक्षा के लिए कोशिश करूं। गायों की सड़क पर इतनी हत्या हो रही है। सड़कों के दोनों तरफ फेंसिंग नहीं की गई। जब भी फोर लेन रोड बनते हैं तो फेंसिंग करना सरकार की जिम्मेदारी है। बजट को बचाने की कंजूसी से हम गायों की हत्या कर रहे हैं।

### शराब से लॉस हो तो खनन से रॉयल्टी वसूल करिए

उमा ने कहा- मुझे नहीं पता किसकी सरकार होगी? मैं चाहती हूं कि मेरी पार्टी की सरकार बने। मैं शिवराज जी का बहुत सम्मान करती हूं। शराब नीति घोषित हो गई.. शिवराज जी ने की। उन्होंने वैसे ही की लेकिन वह लागू नहीं हो पाई। सिवाय इसके कि अहाते गिर गए। यह कहा गया कि शराब से लॉस हो जाएगा तो मैं कह देती हूं कि खनन से रॉयल्टी वसूल करिए। मेरा कहना है कि खनन की रॉयल्टी बहुत सारी भरपाई करेगी। प्रसन्न सिंह के अलावा नरेंद्र कुमार और बीच में बहुत सारे लोगों की हत्या कर दी गई।

# तहसीलदार की बेटी ट्रेन के आगे कूदी, मौत

### खुदकुशी से आधे घंटे पहले तक बिजी आता रहा फोन, फिर स्विच ऑफ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा में सौंसर तहसीलदार की 19 साल की बेटी का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि युवती ने बुधवार देर रात 10 बजे मालगाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या की है। शाम 7 बजे मां ने उसे कॉल लगाया था। फोन आधे घंटे तक बिजी बताता रहा। इसके बाद रिंग तो गई, लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया गया। बाद में फोन स्विच ऑफ हो गया।

पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आखिरी समय युवती किससे बात कर रही थी, पुलिस इसके लिए कॉल डिटेल की जानकारी जुटाने की तैयारी कर रही है। तहसीलदार भावना मलगाम सौंसर तहसील कार्यालय में पदस्थ हैं। वे बुधवार को ड्यूटी के बाद शाम 7 बजे घर लौटी थीं। बेटी पलक नहीं मिली तो उसके बारे में आस-पड़ोस में पूछताछ की। कुछ पता नहीं चला। इसके बाद बेटी को कॉल किया। फोन पिक नहीं हुआ। भावना ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पलक की तलाश में जुट गई। इसी दौरान रात करीब 11 बजे पता चला कि गुंजरखेड़ी में रेलवे ट्रैक पर एक लड़की की लाश पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो शव पलक का निकला।

### 12वीं पास थी पलक

तहसीलदार भावना मलगाम बालाघाट की रहने वाली हैं। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद पार्थिव देह बालाघाट ले जाई गई। वहां अंतिम संस्कार किया गया। पलक 12वीं पास कर चुकी थी। उससे बड़ा एक भाई है, जो घटना के दो दिन पहले ही बालाघाट चला गया था। गुंजरखेड़ी निवासी सुमित ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर एक हिस्से में युवती का धड़ तो कुछ दूर सिर पड़ा था।

# 50 हजार के लिए फादर को जिंदा जलाया

## ◆इलाज के दौरान तोड़ा दम, छोटे भाई, उसकी पत्नी-बेटे पर एफआईआर, जेल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल में 50 हजार रुपए के लेन-देन के विवाद में चर्च के फादर को जिंदा जला दिया गया। वारदात को फादर के भाई ने ही अपनी पत्नी और बेटे के साथ मिलकर अंजाम दिया। आरोपी उनको घसीटते हुए घर के अंदर ले गए। जमकर पीटा, फिर केरोसिन डालकर आग लगा दी। वारदात बिलखिरिया थाना क्षेत्र के कोकता में 26 नवंबर की है। फादर हरिकिशन राणा (60) पुत्र रघुदास राणा को गंभीर हालत में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीन दिन चले इलाज के बाद गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने पर तीनों को जेल भेज दिया गया।**

एसपी ग्रामीण प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि मूल रूप से भोपाल के रहने वाले हरिकिशन राणा मुंबई के एक चर्च में फादर थे। भोपाल में उनका मकान छोटे भाई मोहनदास राणा (56), उसकी पत्नी लीला और बेटे आजाद (24) के घर के पास कोकता में ही बना है। मोहनदास वहीं खेती-किसानी करता है।

### आग की लपटों में घिरे हुए आए मकान से बाहर

एसपी सिन्हा ने बताया- 27 नवंबर को हमीदिया अस्पताल से घटना की सूचना मिली थी। यहां हरिकिशन राणा बर्न वार्ड में भर्ती थे। उन्होंने पुलिस को बताया- मैंने छोटे भाई मोहनदास राणा को 50 हजार रुपए उधार दिए थे। वह रकम लौटाने में आनाकानी कर रहा था। 26 नवंबर की रात मैं तकादा करने मोहनदास के घर गया। यहां हम दोनों के बीच बहस हुई। इसी बीच मोहनदास की पत्नी लीला और भतीजा आजाद आए और मुझे घसीटकर घर के अंदर ले गए। यहां जमकर पीटा। केरोसिन छिड़ककर आग लगा दी। मैं लपटों में घिरा हुआ बाहर आया। वहां मेरी पत्नी और बेटे ने देखा तो आग बुझाई और मुझे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया।

### पत्नी बोली- मेरे सामने पति को घसीटकर ले गए

हरिकिशन की पत्नी कमला ने बताया- दोनों भाइयों में पैसों के लेन-देन को लेकर आए दिन विवाद होता था। घटना वाले दिन भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई। मुझे लगा कि सामान्य लड़ाई होगी। अचानक पति चीखने लगे। मैंने बाहर निकलकर देखा। देवर, भतीजा और देवरानी पति को घसीटकर घर के अंदर ले जाते दिखे। कुछ ही देर में पति बाहर निकले तो लपटों से घिरे थे। मैं घबरा गई। इसी बीच तीनों आरोपी भाग निकले। वहीं, बेटे सोनू राणा ने बताया- पिता मुंबई के एक चर्च में फादर थे। अधिकतर समय वे मुंबई में रहते थे। कुछ दिन पहले ही घर आए थे। यहां पास में ही चाचा मोहनदास रहते हैं। उनकी बेटी की शादी के समय पिता ने 50 हजार रुपए दिए थे। रुपए लौटाने को लेकर दोनों भाइयों में विवाद चल रहा था।

# ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से मजदूर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर के मकरोनिया इलाके में बटालियन रोड पर स्थित राय हॉस्पिटल परिसर में गुरुवार शाम ऑक्सीजन गैस सिलेंडर फटने से मजदूर की मौत हो गई। मजदूर लोडिंग वाहन से ऑक्सीजन सिलेंडर उतारने का काम कर रहा था। वाहन से सिलेंडर उतारते समय अचानक वह फट गया। जिसकी चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं एक घायल हुआ है।

घटनाक्रम सामने आते ही मौके पर अस्पताल प्रबंधन, पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंच गए। उन्होंने मामले की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार राय हॉस्पिटल में चनाटोरिया स्थित गौरी गैस एजेंसी से ऑक्सीजन गैस सिलेंडरों की सप्लायी की जाती है। गुरुवार शाम गौरी गैस एजेंसी का वाहन हॉस्पिटल में करीब 50 ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर पहुंचा था। जहां दो मजदूर सिलेंडर उतारने का काम कर रहे थे। वाहन से आखिरी ऑक्सीजन सिलेंडर उतारते समय अचानक वह फट गया। घटना में सिलेंडर फटने से मजदूर रूपेंद्र कोरी निवासी मोतीनगर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मजदूर जितेंद्र उर्फ ऋषि अहिरवार घायल हुआ है। घटना इतनी भीषण थी कि मृतक रुपेंद्र के शरीर के चिथड़े उड़ गए। सिर कई टुकड़ों में बिखर गया। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही मकरोनिया पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

# सर्पदंश पीड़ित को सांप के साथ अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** जिला अस्पताल में आज उस समय हड़कंप मच गया जब सर्पदंश से पीड़ित एक मरीज को उसके परिजन सांप के साथ अस्पताल लेकर पहुंच गए। डिब्बे में सांप को कैद कर अस्पताल लेकर पहुंचे परिजनों को देखकर हर कोई अचंभित रह गया। दरअसल यहां पीड़ित के परिजन उसके उपचार के साथ झाड़ फूक भी करा रहे थे। जिसके कारण वह सांप को डिब्बे में कैद कर अस्पताल लेकर आए थे यहां 1 घंटे तक उन्होंने मरीज की झाड़ फूंक भी कराई, अस्पताल में यह दृश्य देखकर हर कोई आश्चर्यचकित हो गया वहीं यहां पर काफी देर तक हड़कंप मचा रहा। दरअसल मामला कुछ ऐसा है मोहखेड़ के ग्राम नवलगांव निवासी पंकज देशमुख अपने घर में मक्के की बोरी के पीछे छुपे सांप ने काट लिया था। इसके बाद पंकज के परिजनों ने सबसे पहले सांप को पकड़ा वहीं उन्होंने उसकी झाड़ फूंक भी कराई।

# पाकिस्तान से भारत लौटी ग्वालियर की अंजू

## ◆पड़ोसी बोले- उसे गांववाले यहां घुसने नहीं देंगे; पिता भी उसके खिलाफ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर की अंजू चार महीने बाद बुधवार को पाकिस्तान से भारत लौट आई है। वह प्यार के लिए सरहद पार गई थी। अंजू अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत में दाखिल हुई। उसे कैंप में रखा गया। बाद में दिल्ली एयरपोर्ट से उसकी तस्वीर सामने आई। यहां मीडिया के सामने उसने कुछ भी कहने से मना कर दिया।**

इससे पहले अटारी बॉर्डर पर मीडिया से बातचीत में इतना जरूर कहा- मैं खुश हूं। अंजू भिवाड़ी (राजस्थान) में पति बच्चों के साथ रहती थी। उसका मायका ग्वालियर के टेकनपुर में है।उधर, पिता गयाप्रसाद थॉमस ने कहा, ह्यजिस दिन वह यहां से गई थी, उसी दिन से हमारे लिए मर गई। अब उससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है।ह्ण गांव के वीर सिंह गुर्जर ने बताया कि वो गांव के अंदर नहीं घुस सकती, इतना भरोसा है। उसे गांव वाले घुसने नहीं देंगे। पिता भी उसे साथ नहीं रखना चाहते।

### कहा- पति से तलाक लूंगी, बच्चों को पाकिस्तान ले जाऊंगी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अंजू ने दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचते ही कहा, मैं सभी सवालों के जवाब दूंगी, लेकिन अभी नहीं। अंजू ने आईबी और पंजाब पुलिस को घर वापसी की वजह बता दी है। बताया कि वो यहां अपने पहले पति अरविंद से तलाक लेगी। साथ ही बच्चों को भी पाकिस्तान ले जाने की कोशिश करेगी। अंजू ने मीडिया के सामने पाकिस्तान की जमकर तारीफ की। कहा कि वहां की मेहमाननवाजी बहुत अच्छी रही। भारत लौटकर भी काफी खुश हूं। इसके अलावा अंजू ने इसका कोई जवाब नहीं दिया कि वो कब तक भारत में रहेंगी।

### 21 जुलाई को पाकिस्तान चली गई थी अंजू

अंजू राजस्थान में अलवर जिले के भिवाड़ी में पति अरविंद और दो बच्चों के साथ रहती थी। वह टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान घूमने गई थी। बाद में पता चला कि उसने खैबर पख्तूनख्वा में रहने वाले नसरुल्लाह से निकाह कर लिया। अंजू से फातिमा बन गई। पाकिस्तान में दोनों के प्री वेडिंग शूट और निकाह के फोटो भी सामने आए थे।

New Delhi

# 3 दिसंबर से आने वाला है चक्रवाती तूफान, किन राज्यों में होगी बारिश; मौसम विभाग ने बताया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को एक पूर्वानुमान जारी किया है, जिसमें चक्रवाती तूफान आने की आशंका है। आईएमडी ने कहा है कि 3 दिसंबर के आसपास बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान आने की संभावना है। हालांकि, इसका असर ओडिशा तक जाने की संभावना नहीं है। आईएमडी ने कहा है कि संभावित चक्रवात के प्रभाव का आकलन शुक्रवार को समुद्र में दबाव बनने के बाद ही किया जा सकता है।

आईएमडी वैज्ञानिक उमाशंकर दास ने कहा, "संभावित चक्रवात के मार्ग और अन्य मापदंडों का अनुमान अवसाद के गठन के बाद ही लगाया जा सकता है। इसलिए हमने ओडिशा या तट पर किसी अन्य स्थान पर प्रभाव के बारे में कुछ नहीं बताया है।" उन्होंने यह



भी स्पष्ट किया कि अगले चार दिनों तक ओडिशा तट के लिए कोई चेतावनी नहीं है। उन्होंने कहा कि ओडिशा तट के लिए मछुआरों के लिए भी कोई चेतावनी नहीं है।

इस बीच आईएमडी ने एक विशेष बुलेटिन में कहा कि दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर पर कम दबाव का क्षेत्र पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित हो गया है। मौसम एजेंसी ने कहा कि इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और अगले 24 घंटों के दौरान बंगाल की दक्षिण-पूर्व खाड़ी के ऊपर एक दबाव में तब्दील होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा, ''पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर आगे बढ़ते हुए यह धीरे-धीरे तीन दिसंबर के आसपास बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा।'' इसके बाद यह उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा और उत्तरी तमिलनाडु और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों तक पहुंचेगा।

New Delhi

## चुनाव परिणामों से गैस सिलेंडर फिर हुआ महंगा, जानें कीमतों में कितने रुपये का हुआ बदलाव

**नई दिल्ली, (एजेंसी) 3 दिसंबर को आने वाले देश के पांच राज्यों के चुनाव परिणाम से पहले गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव किया जा रहा है। 15 दिन के बाद ही कमर्शियल गैस सिलेंडर के कीमतों में इजाफा कर दिया गया है। कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में देश के चारों महानगरों में मामूली इजाफा देखने को मिला है। देश की राजधानी दिल्ली और मुंबई में 21 रुपए की बढ़त की गई है। दिल्ली में गैस सिलेंडर के दाम 1775.50 21 रुपए से बढ़कर 1796.50 रुपए पर आ गए हैं।**

जबकि मुंबई में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1728 रुपए से बढ़कर 1749 रुपए हो गई है। वहीं कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 22.5 रुपए इजाफा हुआ है और कीमतें 1885.50 रुपए से बढ़कर 1908 रुपए पर आ गए हैं। चेन्नई में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में सबसे ज्यादा 26.5 रुपए का इजाफा हुआ है और दाम 1942 रुपए से बढ़कर 1968.50 रुपए पर आ गए हैं।

इससे पहले 16 नवंबर के दिन

Jammu

## पुलवामा में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर




**जम्मू, (एजेंसी)** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अरिहाल इलाके में वीरवार शाम सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मार गिराया गया। पुलिस के अनुसार मारे गए आतंकी की पहचान की जा रही है। वहीं इलाके में तलाशी अभियान जारी है। इससे पहले पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी पर तलाशी अभियान चलाया। जैसे ही सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलाईं। इस पर जवाबी कार्रवाई की गई।

Uttarpradesh

## अलीगढ़ में चोरी के शक में पत्नी की छत से धक्का देकर हत्या, पति फरार

**अलीगढ़, (एजेंसी) अलीगढ़ में थाना क्वार्सी क्षेत्र के सुरेंद्रनगर में एक पति ने चोरी के छत में पत्नी को छत से धक्का देकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए है। घटना का जायजा लिया। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना सुरेंद्रनगर बंद गली की है।**

राया निवासी गौरी गौतम की करीब 15 साल पहले अलीगढ़ के गौरव से शादी हुई थी। गौरी के पिता उत्तराखंड पुलिस से रिटायर्ड दरोगा है। पति कोई खास काम नहीं करता है। इसको लेकर परिवार में आए दिन विवाद रहता था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह घर की ऊपरी मंजिल पर पति-पत्नी में दोनों बच्चे थे। पति सो कर उठा तो पत्नी पर पैसे चोरी करने का आरोप लगाते हुए मारपीट करने लगा। पत्नी ने मारपीट का विरोध किया तो उसको छत से धक्का देकर बरामदे में फेंक दिया। उसको अस्पताल ले जाया उसे पहले ही गोरी ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। पुलिस के आने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया।

खेल

# केन विलियम्सन ने लगातार चौथे टेस्ट में शतक जड़ा

**सिलहट, (एजेंसी) न्यूजीलैंड की टीम फिलहाल बांग्लादेश के दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेले जाने के बाद अब दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सिलहट में खेले जा रहे पहले टेस्ट में बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 310 रन बनाए थे। जवाब में दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में आठ विकेट गंवाकर 266 रन बना लिए हैं। केन विलियम्सन ने 104 रन की पारी खेली। उन्होंने लगातार चौथे टेस्ट में चौथा शतक लगाया।**



यह विलियम्सन के टेस्ट करियर का 29वां शतक रहा और उन्होंने इस मामले में विराट कोहली और महान डॉन ब्रैडमैन की बराबरी कर ली है। विराट ने भी 29 शतक लगाए हैं, जबकि ब्रैडमैन ने भी 29 टेस्ट शतक लगाए थे। विलियम्सन ने ऐसा 95वें टेस्ट की 165वीं पारी में किया है, जबकि कोहली ने ऐसा 111वें टेस्ट की 187वीं पारी में 29 शतक लगाए थे। हालांकि, ब्रैडमैन ने 51 टेस्ट की 79वीं पारी में ही 29 शतक लगा दिए थे।

विलियम्सन न्यूजीलैंड की ओर से टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में शीर्ष पर हैं। दूसरे नंबर पर पूर्व कीवी बल्लेबाज रॉस टेलर हैं। उन्होंने 19 टेस्ट शतक लगाए थे। वहीं, ओवरऑल वह 17वें स्थान पर हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में भारत के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने 51 टेस्ट शतक लगाए थे। विलियम्सन न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने 95 टेस्ट में 55.22 की औसत से 8228 रन बनाए हैं। 29 शतक के अलावा उनके नाम 33 अर्धशतक हैं। 251 रन टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

टेस्ट मैच की बात करें तो बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 85.1 ओवर में 310 रन पर सिमट गई। महमूदुल हसन जॉय ने 86 रन की पारी खेली। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने 37 और मोमिनुल हक ने 37 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने चार विकेट लिए, जबकि काइल जेमीसन और एजाज पटेल को दो-दो विकेट मिले। कप्तान टिम साउदी और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला।

जवाब में न्यूजीलैंड के लिए विलियम्सन ने 11 चौके की मदद से 104 रन बनाए। वहीं, डेरिल मिचेल ने 41 रन और फिलिप्स ने 42 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक जेमीसन सात और साउदी एक रन बनाकर क्रीज पर हैं। बांग्लादेश की ओर से तैजुल इस्लाम नए अब तक सबसे ज्यादा चार विकेट लिए हैं।

सिनेमा

## दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतरी एनमिल, रणबीर कपूर की तारीफ करते नहीं थक रहे एक्स यूजर्स



अभिनेता रणबीर कपूर का नाम उन चुनिंदा एक्टर्स में शुमार है, जिनके खाते में भले ही फिल्मों की संख्या कम है लेकिन हिट लिस्ट अच्छी है। बीते साल जहां रणबीर कपूर की 'ब्रह्मास्त्र' हिट हुई तो वहीं इस साल 'तू झूठी मैं मक्कार' से उन्होंने सभी का दिल जीता। वहीं अब रणबीर कपूर की मोस्ट अवेटिड फिल्मों में शुमार एनिमल भी थिएटर्स में रिलीज हो गई है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल को सोशल मीडिया पर कैसा रिस्पॉन्स मिल रहा है, आपको इस रिपोर्ट में बताते हैं।

**कैसा है एक्स यूजर्स का रिव्यू-** एक्स (ट्विटर) पर फिल्म एनिमल से जुड़े कुछ हैशटैग्स वायरल हो रहे है,जिस में #Animal #RanbirKapoor ट्रेंड कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म को काफी कड़क रिव्यूज मिल रहे हैं। कई एक्स यूजर्स ने फिल्म के कुछ सीन्स को भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियोज के साथ ही दर्शक फिल्म की और खास तौर पर रणबीर कपूर की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। फिल्म के एक्शन सीन्स को दर्शक टॉप नॉच बता रहे हैं।

## संपादकीय

# बरत रहे उदासीनता

बार-बार सामने हादसे सामने आने के बावजूद बहुमंजिला इमारतों के प्रबंधनों को यह सुनिश्चित करने की जरूरत नहीं लग रही है कि लिफ्ट के जरिए लोगों की आवाजाही को सुरक्षित बनाई जाए। तकनीकी खराबी को दुरुस्त करने के साथ-साथ सिर्फ निर्धारित और नियमित जांच से ही लिफ्ट हादसे के जोखिम से लगभग पार पाया जा सकता है। गौरतलब है कि मंगलवार को पश्चिमी ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख कोतवाली इलाके में स्थित एक आवासीय सोसाइटी में लगी दो लिफ्ट अचानक से बीच में ही रुक गई। उनमें आठ स्कूली बच्चों सहित बारह लोग मौजूद थे, जो लिफ्ट में ही फंस गए। जाहिर है कि ऐसी स्थिति में कोई बड़ी अनहोनी भी हो सकती है, लेकिन गनीमत है कि करीब पैंतीस मिनट की जद्दोजहद के बाद सोसाइटी के लोगों ने उन सबको किसी तरह बाहर निकाला। विचित्र यह है कि लिफ्ट में फंसे लोगों ने इंटरकाम और अन्य तकनीक के जरिए मदद के लिए संपर्क करने की भी कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। स्वाभाविक ही अब समूची सोसाइटी के लोग वहां लगी लिफ्ट के इस्तेमाल को लेकर एक डर से गुजर रहे होंगे। संभव है कि इस हादसे को महज एक तकनीकी बाधा के तौर पर देखा जाए, लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत है कि कोई तकनीक जीवन को जिस तरह आसान और सुविधाजनक बनाता है, उसी में बहुत छोटी लापरवाही, चूक या मामूली खराबी की वजह से लोगों की जान भी चली जाती है। इस तरह की यह कोई अकेली या पहली घटना नहीं है, जिसमें लिफ्ट की खराबी की वजह से लोगों और बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ी। करीब दो महीने पहले ग्रेटर नोएडा में ही एक बहुमंजिला इमारत की लिफ्ट गिर गई थी, जिसमें नौ लोग मारे गए थे। तब भी कारण के रूप में संचालन से लेकर रखरखाव में लापरवाही ही सामने आई थी। फिर लिफ्ट के संचालन को लेकर सब कुछ कई बार वहां रहने वाले लोगों के भरोसे ही छोड़ दिया जाता है। सामान, वजन, लिफ्ट के इस्तेमाल को लेकर सामान्य जानकारी के अभाव की वजह से भी मुश्किल खड़ी हो सकती है। इसके अलावा, आपात स्थिति में सुरक्षा इंतजामों और सुरक्षा गार्डों सहित वहां रहने वाले लोगों के प्रशिक्षण को लेकर भी उदासीनता बरती जाती है।

अर्ज़ किया है..!

*दाद-ओ-तहसीन की बोली*
*नहीं तफ़्हीम का नक़्द*
*शर्त कुछ तो मिरे बिकने*
*की मुनासिब ठहरे*

-अब्दुल अहद साज़




**पत्नी का अर्थ होता है जो पति को पतन होने से बचाए और नारी का अर्थ है न अरि। अर्थात जो आपका दुश्मन नहीं है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# इस बैंक की संस्थापक से लेकर कर्मचारी तक महिलाएं, यह जगह है नारी शक्ति की मिसाल

महिलाएं हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। महिलाओं का यह योगदान बैंकिंग के क्षेत्र में भी देखने को मिलता है। देश में एक ऐसा बैंक है, जिसे एक महिला ने शुरू किया और सिर्फ महिलाएं ही इसे चलाती हैं। यह बैंक भी महिलाओं के उत्थान और उनको बैंकिंग सेक्टर से जोड़ने के लिए ही शुरू किया गया है। बैंक की स्थापना 1998 में की गई थी, जो साल बाद इसे आरबीआई से लाइसेंस मिल गया। 2021 में भारत सरकार ने इस बैंक की शुरुआत करने वाली महिला को पद्मश्री से सम्मानित किया और महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने की उनकी कोशिश की तारीफ की गई। आइए जानते हैं महिलाओं के बैंक के बारे में और इसकी शुरुआत करने वाली महिला के बारे में।



### ◆ पहला महिला बैंक

असम के जोरहाट में महिलाओं का बैंक स्थित है। इस सहकारी बैंक का नाम कनकलता महिला अर्बन कोऑपरेटिव बैंक है, जिसकी स्थापना 1998 में हुई। इस बैंक की शुरुआत करने वाली महिला लखिमी बरुआ हैं।

### ◆ महिला बैंक का उद्देश्य

महिलाओं के बीच बैंक की जरूरत और आदत को बढ़ाना इसका मकसद था। आमतौर पर आदमियों के काम को महिलाओं तक पहुंचाने के लिए इस बैंक के जरिए महिलाओं से जोड़ने और आर्थिक तौर पर उन्हें स्वतंत्र बनाने की पहल रही। नतीजन इस बैंक में 75 फीसदी महिला ग्राहक हैं जो पांपरिक तरीके से पढ़ी-लिखी नहीं हैं और आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवार से आती हैं।

### ◆ महिला बैंक का काम

इस बैंक की कर्मचारी सिर्फ महिलाएं हैं। इस तरह के महिलाओं को बैंकिंग सेक्टर में करियर बनाने की प्रेरणा मिली। साथ ही बैंक में सिर्फ महिलाओं को लोन मिलता है। राज्य की महिलाओं को अलग-अलग स्कीम के जरिए लोन मिल सकता है। हालांकि आरबीआई गाइडलाइन के मुताबिक पुरुषों को पैसे जमा करने की सुविधा दी गई। बैंक में 100 रुपये से खाते की शुरुआत होती है। जीरो बैलेंस अकाउंट की भी सुविधा मिलती है।

### ◆ कौन हैं लखिमी बरुआ

इस बैंक की शुरुआत करने वाली लखिमी बरुआ खुद एक बैंक में काम करती थीं। बैंक में काम करने के दौरान उन्होंने महसूस किया कि अनपढ़ और कमज़ोर वर्ग की महिलाओं के लिए बैंकिंग जटिल प्रक्रिया है। महिलाओं के लिए कुछ करने की चाह के कारण पहले लखिमी ने 1983 में जोरहाट में ही महिला समिति की शुरुआत की। बाद में महिलाओं की आर्थिक स्थिति और साक्षरता को सुधारने के लिए लखिमी ने सहकारी बैंक की शुरुआत की। महिलाओं के लिए बैंकिंग को आसान बनाने के मकसद से ही इस महिला सहकारी बैंक की स्थापना की गई।

### ◆ कैसे की शुरुआत

लखिमी ने 8.64 साल रुपये से बैंक की शुरुआत की। दो साल बाद 2000 में RBI ने इस बैंक को लाइसेंस दिया। लखिमी ने तुरंत अपनी नौकरी छोड़कर पूरा ध्यान बैंक में देने का फैसला किया। इस बैंक को सिर्फ महिलाएं चलाती हैं, सिर्फ महिलाएं ही काम करती हैं और महज महिलाओं को लोन दिया जाता है।

## Highlights

- U'khand tunnel where 41 were trapped collapsed 20 times in last 5 yrs: Report
- Odisha govt official 'jumps off terrace' during raid at his home
- 15 Bengaluru schools get bomb threat on email; over 5,000 students evacuated
- Bomb Threats Rattle Over 15 Bengaluru Schools
- Not giving up on coal anytime soon: Govt as PM Modi arrives in Dubai for COP28
- Bride & groom's families break into fight over DJ at wedding in Punjab, video surfaces

# UltraTech to buy Kesoram's cement firm in mega-deal worth ₹5.4k crore

**NEW DEIHI, (Agency).** UltraTech, which is India's leading industrial and construction firm, has decided to make a massive deal with Kesoram Industries cement firm, acquiring the entire stake of the company in a buyout worth USD 645 million.

Aditya Birla's flagship cement manufacturer UltraTech Cement Ltd said on Thursday that the company has struck an all-stock deal valued at ₹5378 crore with the cement business owned by Kesoram Industries, in an an attempt to push the business forward in southern India.

As a part of the deal, UltraTech will issue one share for every 52 shares of Kesoram and give UltraTech ownership of two integrated cement units in southern Indian states of Karnataka and Telangana. The deal implies an offer price of 173.15 rupees per share, a 24.2% premium to Kesoram's last close. The Indian cement sector has emerged as one




of the most competitive industrial fields, and with this massive deal, UltraTech is looking to rise higher than Gautam Adani-owned Ambuja Cements, which recently purchased majority stake in the firm Sanghi Cement.

As quoted by Reuters, Satyadeep Jain, research analyst at Ambit Capital, said, "UltraTech already has one of the best brownfield potential in industry. This deal, if it does go through, would be additive to that and help cement its capacity lead over others, even as other players with larger ambitions ramp up." In an official statement while announcing the buyout, UltraTech said that the transaction attached to the deal will be finalised in 9-12 months, and the deal has been made to take over "players with larger ambition." The firm said, "The transaction, expected to be completed within 9-12 months, will provide the company "the opportunity to extend its footprint in the highly fragmented, competitive and fast growing Western and Southern markets in the country."

# India to outperform other large economies in FY24

**NEW DEIHI, (Agency)** India's gross domestic product (GDP) growth in the second quarter of FY24 was expected to be good – and this was indicated by Reserve Bank of India's (RBI) governor Shaktikanta Das about a month back.

Speaking at a media event on October 31, he remarked that the country's Q2 growth would surprise everyone on the upside, and he was right. The GDP numbers, published on Thursday, surprised all



pundits of economy who expected the growth this quarter at 6.8%. The actual number of 7.6%, however, belied all forecasts.

The sign of this kind of growth was quite evident when the government released the monthly revenue collection data for Goods and Services Tax (GST) on November 1, 2023. The monthly GST collection, which reflects actual business activities, in October this year surged to ₹1.72 lakh crore, the second highest monthly collection since the new indirect tax regime started in July 2017. Besides that, the core Index of Industrial Production (IIP) growth averaged 9.7% in the second quarter of FY24, and PMI – both manufacturing and services -- also showed high levels at an average of 57.9 and 61.1, respectively.

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

◆ सुसाइड नोट में लिखा - मैं जीना नहीं चाहता, किसी से कुछ लेना-देना नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हीरानगर में रहने वाले एक ऑनलाइन कंपनी के कर्मचारी ने गुरुवार को अपने घर पर फांसी लगा ली। बहन ने उसके मोबाइल पर कॉल किया तो पता चला कि उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। सूचना के बाद परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक सुसाइड नोट जब्त किया गया है।**

हीरानगर पुलिस के मुताबिक गौरी नगर में रहने वाले अमित (30) पिता गणेश कटारिया ने अपने घर में फांसी लगा ली। देर शाम परिवार के लोग शव को लेकर एमवाय पहुंचे। परिवार के लोगों ने बताया कि अमित गुरुवार को घर पर था। बड़ी बहन ने उसे कॉल किया तो पड़ोसी ने उठाया जिसमें सुसाइड को लेकर जानकारी दी।

उसके कपड़ों से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने लिखा है कि मैं जीना नहीं चाहता, किसी से कुछ लेना-देना नहीं है। माता-पिता को परेशान नहीं किया जाए। मकान का हिस्सा चारों बहनों को दिया जाए। उसने अपने माता-पिता से माफी मांगी है।

## पत्नी को बहन के घर छोड़कर आया

परिवार के मुताबिक मालवा मिल में अमित की बड़ी बहन रहती है। यहां उनकी जेठ के यहां गमी होने के चलते गुरुवार को दसवें का कार्यक्रम था। दोपहर में पत्नी को यहां छोड़ने के बाद अमित ने शाम को आने के लिये कहा। लेकिन जब वह नहीं पहुंचा तो बहन ने उसे कॉल किया। परिवार के मुताबिक अमित के पिता रेलवे डिपार्टमेंट से रिटायर्ड हैं। अमित की शादी को 5 साल हो गए थे। लेकिन बच्चा नहीं हो पाया था। एक भाई ग्वालियर में परिवार के साथ रहता है। पुलिस के मुताबिक अभी आत्महत्या को लेकर किसी तरह का कारण स्पष्ट नही हो पाया है।

## कर्ज के चलते कर ली खुदकुशी

उधर, बाणगंगा में रहने वाले एक रेडीमेड गारमेंट कारीगर के सुसाइड मामले में परिवार ने काम नहीं मिलने और साढ़े सात लाख रुपए का कर्ज होने के कारण तनाव के चलते सुसाइड करने की बात कही है। परिवार के अनुसार जिस फैक्ट्री से उन्हें काम मिलता था, वहां से दो महीने से काम नहीं मिलने से वो परेशान थे। इसी कारण से बुधवार को फैक्ट्री में काम के सिलसिले में बात करने पहुंचे और वहीं पर आत्मघाती कदम उठा लिया। परिवार ने गुरुवार देर शाम पुलिस को सुसाइड नोट के बारे में जानकारी दी। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक अंकित इंजीनियरिंग से रेडीमेड गारमेंट का काम लेकर घर पर सिलाई करने वाले संतोष जावले (60) निवासी गोविंद नगर की मौत के मामले में पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। मृतक फैक्ट्री पर काम के सिलसिले में बात करने पहुंचे थे और उन्होंने वहीं पर जहर खा लिया था। उन्हें बेसुध हालत में फैक्ट्री के कर्मचारी ही निजी नर्सिंग होम लेकर पहुंचे थे। यहीं से परिवार को कॉल कर जानकारी दी गई। परिवार को सिलाई मशीन में एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें मालिक द्वारा काम बंद करने की बात लिखी है।

## दस लाइन के सुसाइड नोट में लिखा

सुसाइड नोट में मृतक संतोष जावले ने लिखा, मैं 30 साल से राजेश जैन के यहां रेडीमेड का काम कर रहा हूं। अब काम बंद है। मेरे लड़के की तबीयत खराब है। मेरे मकान की 12 हजार रुपए की किश्त आती है। मैं एक पैर से चलने में असमर्थ हूं। जैन साहब कहते हैं मैं क्या करूं। मैं 30 साल से उनके पास काम कर रहा हूं, तो पूरी जिम्मेदारी जैन साहब की है। मेरे मकान की पांच साल किश्त भर चुका हूं। बाकी किश्तें भरनी हैं।

## दोपहर में बात करने का कहकर गए थे

संतोष की बेटी का कहना है, पिता दोपहर में दो बजे के लगभग घर से फैक्ट्री मालिक राजेश जैन से बात करने का कहकर गए थे। उसके बाद सीधे शाम को कॉल आया कि उन्हें शशि नर्सिंग होम में भर्ती किया गया है। उन्होंने फैक्ट्री के बाहर ही जहर खा लिया। बाद में जब वह अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने इलाज के लिए रुपए मांगे। परिवार के पास रुपए नहीं होने के चलते संतोष को एमवाय ले जाया गया। यहां उपचार के दौरान बुधवार रात करीब 1 बजे के लगभग उनकी मौत हो गई।

# उज्जैन में किया कार से स्टंट, उज्जैन पुलिस इंदौर से पकड़कर ले गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदैर। उज्जैन के व्यस्त चौराहे पर कार से युवकों द्वारा स्टंट करने और हुड़दंग मचाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में कुछ युवक कार एक गेट खोलकर व कार की छत पर बैठकर स्टंट कर रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद यातायात पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर इंदौर से कार को जब्त किया है। वहीं कार मालिक को भी उज्जैन लाया गया है।**

उज्जैन यातायात पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर मंगलवार को एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें कार तेज गति से चल रही है और एक युवक कार का गेट खोलकर खड़ा है। जबकि कार की छत पर तीन युवक बैठे हुए हैं। युवक कार पर बैठकर हुड़दंग मचा रहे हैं। वीडियो में कार की गति काफी तेज थी कार मुनिनगर चौराहे से इंदौर रोड की ओर जा रही थी।

## दर्शन करने गए थे उज्जैन

वीडियो सामने आने के बाद यातयात पुलिस ने कार मालिक की तलाश की तो पता चला कि कार चार बार अलग-अलग लोगों द्वारा खरीदी गई है। कड़ी से कड़ी जोड़त हुए पुलिस ने कार मालिक निहालसिंह को इंदौर के खजराना क्षेत्र से पकड़ा है। उसने पुलिस को बताया कि उसका भाई व उसके दोस्त उज्जैन में दर्शन करने के लिए आए थे और हरकत की थी। पुलिस ने कार का कोर्ट चालान बनाया है।

# सगाई टूटी तो करने लगा परेशान

## युवती ने दर्ज कराया छेड़छाड़ का प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सराफा बाजार में एक युवती के साथ छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। बताया जाता है कि छेड़छाड़ करने वाला युवक महू की भाजपा नेत्री का बेटा है। आरोपी ने इंदौर मार्केट करने आई युवती का पीछा किया और उसे इशारा कर गला काटने की धमकी दी। सराफा पुलिस ने आवेदन लेकर जांच की बात कही। फुटेज मिलने बाद आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।**

पुलिस के मुताबिक घटना सराफा मार्केट की है। महू में रहने वाली 31 साल की युवती की शिकायत पर चाणक्य पिता धीरेन्द्र उपमन्यु निवासी कमला नगर महू के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया था कि वह 8 नवंबर को अपने माता-पिता के साथ राजवाड़ा, बर्तन बाजार और सराफा में खरीदारी करने पहुंची। इस दौरान आरोपी चाणक्य भी इंदौर आकर उसका पीछा करने लगा। मारोठिया बाजार के यहां आरोपी ने इशारा करते हुए गला काटने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उसके खिलाफ पूर्व में भी महू में केस दर्ज करा चुकी है। बताते हैं कि पीड़िता की पहले चाणक्य से सगाई हुई। लेकिन चाणक्य की हरकतों के कारण परिवार के लोगों ने उससे सगाई तुड़वा दी। इसके बाद लगातार चाणक्य उसका पीछा करने लगा। बताया जाता है कि 3 नवंबर की इस घटना के बाद आरोपी पर केस दर्ज नहीं करने को लेकर कई बड़े नेताओं ने पुलिस पर दबाव बनाया। पीड़िता ने बड़े अफसरों से शिकायत की। इसके बाद फुटेज मिलने के बाद आरोपी पर कार्रवाई की गई है। चाणक्य की मां महू बीजेपी नेता है। फिलहाल आरोपी की गिर तारी नही हुई है।

## लिफ्ट ली, फिर चाकू मारकर युवक को लूटा

इंदौर। विजय नगर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक युवक को लूट लिया। एक आरोपी लिफ्ट लेकर बैठा था। विरोध करने पर उस पर चाकुओं से हमला कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। टीआइ रवींद्रसिंह गुर्जर के मुताबिक, घटना बुधवार रात करीब 1 बजे की है। घटना कलाली मोहल्ला निवासी आकाश रंजीत सिलावट के साथ हुई है। आकाश के मुताबिक, एक युवक पटेल ब्रिज के पास लिफ्ट लेकर बैठा था। वह बातचीत करते हुए रामनगर में सरकारी स्कूल के पास लेकर आया। यहां पहले से खड़े दो युवक आए और आकाश से मोबाइल मांगा। आरोपितों ने आकाश पर चाकू से हमला कर दिया। उसके 800 रुपये छीन लिए।

## टक्कर के बाद कार चालक को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मामूली टक्कर में बाइक चालक ने कार चालक को पीट दिया। पुलिस के मुताबिक विवाद एबी रोड पर लोटस चौराहा के समीप हुई। एमआईजी पुलिस ने बताया कि शिवांश शर्मा निवासी साकेत नगर की रिपोर्ट पर बाईक एमपी 09 एनवी 1251 के चालक और साथी पर केस दर्ज किया गया। शिवांस ने बताया कि मेरी कार में अनूप नगर में आरोपी का वाहन मामूली टच हो गया था। मैं समझाइश के बाद विजयनगर जाने लगा तभी बाइक चालक और साथी पीछे से आए और मेरी कार का वायर तोड़ा,कांच फोड़ दिया और मारपीट की।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।